an>

Title: Need to include 'Tanti' caste of Jharkhand in the list of Scheduled Castes.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) ः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि झारखंड प्रदेश के कोल्हान प्रमंडल पूर्व में अविभाजित सिंहभूम जिला वर्तमान तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम एवं सराये केला खरसावा जिलों में रहने वाली तांती जाति जो पान जाति के पर्यायवाची हैं। विशुद्ध रूप से तांती जाति जो पान जाति ही है। दोनों जातियों की प्रकृति एक जैसी है और रहन-सहन, खान-पान एक जैसा है और इन दोनों जातियों में आपस में विवाह होते हैं। उनकी भाषा-संस्कृति मेल खाती है परंतु पान जाति को अनुसूचित जाति वर्ग में रखा गया है जबकि तांती जाति को विसंगतिवश पिछड़े वर्ग की सूची में उल्लिखित किया गया है। पान जाति बुनकर समाज से रहे हैं। पान जाति तांती जाति कपड़े बुनते थे। इस तरह कालान्तर में पान जाति को तांती की उपाधि मिली है। अंततः तांती यानि उपाधि को खतियान में दर्ज होने से वृहत संख्या में लोगों के साथ चुनौतीपूर्ण विसंगति खड़ी हो गई और अनुसूचित जाति की सुविधा के हकदार होने के बावजूद अनुसूचित जाति से वंचित रखा गया है।

अतः सरकार से पुरज़ोर तरीके से मांग करता हूं कि तांती जाति को अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल किया जाए।